हिन्दुस्तान

www.livehindustan.com

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

गुरुवार, 15 फरवरी 2018, पटना, फाल्गुन कृष्ण पक्ष अमावस्या, विक्रम सम्वत 2074, पांच प्रदेश, 20 संस्करण

बिहार का नं. 1 अखबार

बीएसएनएल सुविधा केंद्र से सुलझाए जीएसटी के मामले

पटना | कार्यालय संवाददाता

राज्य के छोटे और मंझोले कारोबारी जो संसाधन के अभाव में जीएसटी संबंधित समस्याओं का समाधान समय और किफायती दरों पर नहीं कर पाते, उनके लिए बीएसएनएल के संचार सदन स्थित ग्राहक सेवा केन्द्र में जीएसटी सुविधा केन्द्र खुल गया है।

बुधवार को सीजीएसटी के मुख्य आयुक्त एसएन सिंह, अनिवेद और बीएसएनएल के मुख्य महाप्रबंधक जीसी श्रीवास्तव ने केन्द्र का उद्घाटन किया। सीजीएसटी के मुख्य आयुक्त एसएन सिंह अनिवेद ने बताया कि राज्य में दो लाख 75 हजार करदाताओं को सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि जीएसटी को लेकर रेंज ऑफिसर की संख्या बढ़ा दी गई है। जब 25 की जगह 50 रेंज ऑफिसर बहाल कर दिए गए हैं। बीएसएनएल के मुख्य महाप्रबंधक जीसी श्रीवास्तव ने कहा कि आप कितना भी कमाएं रिटर्न जरूर फाइल करें। इससे भविष्य में किसी तरह का लोन लेने में सहायता मिलती है। करदाताओं की सहूलियत के लिए बीएसएनएल प्रत्येक जिले में जीएसटी सुविधा केन्द्र खोलेगा। मौके पर जीएसटी से एके मिश्रा, बीएसएनएल के राजीव कुमार, प्रधान महाप्रबंधक एस राजहंस, मनीष कुमार, राजीव रंजन व सुबीर कुमार मौजूद रहे।

सुविधा

- रिटर्न फाइल करने का रेट 12 सौ रुपए तय किया गया है
- रजिस्ट्रेशन का रेट भी एक हजार रुपए निर्धारित किया गया है

ये मिलेगी सुविधा

- नए डीलरों का जीएसटी निबंधन, संशोधन एवं निरस्तीकरण
- आवश्यक आंकड़ों के आधार पर जीएसटी रिटर्न तैयार करना
- सभी प्रकार के जीएसटी रिटर्न दाखिल करना
- करों का भुगतान एवं चालान निकालना

बुधवार को बीएसएनएल के संचार सदन स्थित ग्राहक सेवा केंद्र में जीएसटी सुविधा केंद्र का उद्घाटन करते एसएन सिंह। साथ में जीसी श्रीवास्तव, राजीव कुमार व अन्य।